बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0,

"खाद्य भवन", दारोगा प्रसाद राय पथ, आर0 ब्लॉक, रोड नं0-2, पटना-800001

कार्यालय आदेश

निगम के पत्रांक 2039 दिनांक 10.03.2021 द्वारा बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर संविदा पर नियोजन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन किया गया था। उक्त विज्ञापन के आलोक में विभिन्न पदों के विरूद्ध प्राप्त आवेदनों पर स्थायी स्थापना समिति के अनुशंसा के आलोक में कॉलम 2 में अंकित अभ्यर्थियों का औपबंधिक रूप से संविदा के आधार पर उनके नाम के सम्मुख कॉलम 7 में अंकित पद हेतु पत्र निर्गत की तिथि से एक वर्ष के लिए नियोजित करते हुए अगले आदेश तक कॉलम 8 में अंकित स्थान के लिए पदस्थापित किया जाता है। सभी अभ्यर्थियों को निदेश है कि वे पी0पी0ओ0/अंतिम वेतन प्रमाण पत्र/शपथ पत्र/स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के साथ अविलम्ब पदस्थापित स्थान पर योगदान करना सुनिश्चित करेंगे। पूर्व में प्रस्तुत कागजातों में भिन्नता/त्रुटि पाये जाने एवं सेवा निवृति विभाग से प्रतिकुल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर नियोजन रद्ध कर दिया जायेगा। पदस्थापित स्थान पर योगदान की तिथि से मानदेय आदि देय होगा।

क्र0	चयनित अभ्यर्थी का नाम	सेवानिवृति का पद	गृह जिला	सेवानिवृत का कार्यालय	कोटि	पदनाम जिसके विरूद्ध चयन किया गया है।	पदस्थापित स्थान
1	2	3	4	5	6	7	8
1	श्री जनार्दन सिंह	सुबेदार	बक्सर	आर्मी	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, नोखा,राज्य खाद्य निगम, रोहतास
2	संजय कुमार पाठक	सुबेदार मेजर	खगड़िया	आर्मी	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, उदाकिशुनगंज, राज्य खाद्य निगम, मधेपुरा
3	सुभाष कुमार सुमन	सुबेदार	वैशाली	आर्मी	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, मडवन, राज्य खाद्य निगम, मुजफ्फरपुर
4	सत्येन्द्र कुमार सिन्हा	सुबेदार	समस्तीपुर	आर्मी	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, बखरी, राज्य खाद्य निगम, बेगूसराय
5	राधा कृष्ण पाण्डेय	सुबेदार	बक्सर	आर्मी	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, तिलौथु, राज्य खाद्य निगम, रोहतास
6	श्री उमेष प्रसाद	सुबेदार इ0एम0ई 0	रोहतास	आर्मी	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, कुटुम्बा, राज्य खाद्य निगम, औरंगाबाद
7	चन्द्रेन्दु कुमार सिंह	सुबेदार	पटना	आर्मी	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, इसलामपुर, राज्य खाद्य निगम, नालंदा
8	श्री प्रमोद कुमार	सुबेदार	मुजफ्फरपुर	आर्मी	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, बथनाहा, राज्य खाद्य निगम, सीतामढ़ी
9	अंजनी कुमार	सुबेदार	मुजफ्फरपुर	आर्मी	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, मेजरगंज, राज्य खाद्य निगम, सीतामढ़ी
10	राज कुमार साव	सुबेदार (Clerk Staff Duty)	पटना	आर्मी	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, अगिआँव, राज्य खाद्य निगम, भोजपुर
11	श्री अरविन्द कुमार सिंह	सहयक सांख्यिकी पदा0-सह -जिला- सांख्यिकी पदाधिकारी	वैशाली	योजना-सह-वित्त विभाग	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, कटैया , राज्य खाद्य निगम, गोपालगंज

22.7.

12	सुगली सेठ	अंचला-धिकारी	कैमूर	राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, नौहट्टा, राज्य खाद्य निगम, रोहतास
13	श्री श्याम सुन्दर सिंह	मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक	नालंदा	महाप्रबंधक कार्यालय, पूर्व मध्य रेल	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, रजौली, राज्य खाद्य निगम, नवादा
14	कमलेश कुमार	पुलिस अवर निरीक्षक	जहानाबाद	पुलिस विभाग	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, गोह, राज्य खाद्य निगम, औरंगाबाद
15	नागेन्द्र चौबे	आपूर्ति निरीक्षक सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी	कटिहार	खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम,ठाकुरगंज, राज्य खाद्य निगम, किशनगंज
16	श्री उमेश कुमार	अंचल अधिकारी	रोहतास	भूमि सुधार विभाग अंचल कार्यालय	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, करपी, राज्य खाद्य निगम, अरवल
17	श्री सुरेन्द्र कुमार सिंह	श्रम प्रर्वतन पदाधिकारी	जहानाबाद	श्रम प्रर्वतन पदाधिकारी श्रम अधीक्षक समस्तीपुर का कार्यालय समस्तीपुर	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, तारापुर, राज्य खाद्य निगम, मुंगेर
18	श्री नवनाथ मिश्रा	प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी	सिवान	प्राथमिक शिक्षा	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, ठकराहा, राज्य खाद्य निगम, बेतिया
19	श्री राम किशोर पंजियार	अंचल अधिकारी	सीतामढ़ी	राजस्व विभाग करायपरसुराय	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, काँटी राज्य खाद्य निगम, मुजफ्फरपुर
20	श्री कुन्दन कुमार पाण्डेय	श्रम प्रवर्फ्तन पदाधिकारी	पूर्वी चम्पारण	श्रम संसाधन विभाग, बिहार,पटना	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, लौरिया, राज्य खाद्य निगम, बेतिया
21	श्री श्याम बिहारी मॉझी	मुख्य कार्यालय अधीक्षक	छपरा	रेलवे	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, वसंतपुर, राज्य खाद्य निगम, सीवान
22	सुरेश कुमार प्रसाद	सहायक प्रबंधक	गोपालगंज	बी0एस0एफ0 सी0 भोजपुर	सामान्य	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, बलरामपुर, राज्य खाद्य निगम, कटिहार
23	श्री ललित किशोर	सहायक प्रबंधक	पटना	झा0रा0खा0 निगम	अनु0 जाति	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, कुर्था, राज्य खाद्य निगम, अरवल
24	उमेश रजक	प्रखण्ड सांख्यिकी प्रयवेक्षक	पटना	योजना विभाग	अनु0 जाति	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, परैया, राज्य खाद्य निगम, गया
25	श्री भगवान चौधरी	सहायक प्रबंधक	शेखपुरा	बिहार ग्रामीण बैंक	अनु0 जाति	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, इस्लामनगर अलीगंज, राज्य खाद्य निगम, जमुई
26	श्री संजीत कुमार	प्रखण्ड विकास पदाधिकारी	सारण	ग्रामीण विकास विभाग,मधेपुरा प्रखण्ड घैलाढ़ पटना	अ0पि0वर्ग	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, शाहपुर, राज्य खाद्य निगम, भोजपुर
27	दीनदयाल प्रसाद	सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी	पटना	योजना एवं विकास विभाग	अ0पि0वर्ग	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, आमस, राज्य खाद्य निगम, गया

22.7.14

28	श्री राज बहादुर प्रसाद गुप्ता	अंचल अधिकारी	रोहतास	राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,पटना	अ0पि0वर्ग	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, फुलवारी शरीफ, राज्य खाद्य निगम, पटना
29	फेकन महतो	मुख्य नियंत्रक	दरभंगा	डी0आर0एम0 कार्यालय पूर्वमध्य रेलवे धनबाद	अ0पि0वर्ग	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, पिपरा, राज्य खाद्य निगम, सुपौल
30	राम विनेश यादव	पुलिस अवर निरीक्षक	दरभंगा	बिहार पुलिस विभाग	पि0 वर्ग	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, अररिया-01, राज्य खाद्य निगम, अररिया
31	श्री मनोज कुमार पूर्वे	सहायक प्रबंधक	दरभंगा	इलाहाबाद बैंक(इण्डियन बैंक)	पि0 वर्ग	सहायक प्रबंधक	प्रभारी प्रबंधक, अंकेक्षण शाखा, निगम मुख्यालय, पटना।
32	असीत कुमार भगत	प्रखड शिक्षा पदाधिकारी	वैशाली	शिक्षा विभाग	पि0 वर्ग	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, छौराही राज्य खाद्य निगम, बेगूसराय
33	श्री प्रभात कुमार सिन्हा	स्वास्थय प्रशिक्षक	पटना	स्वास्थ्य विभाग	पि0 वर्ग	सहायक प्रबंधक	टी0पी0डी0एस0 गोदाम, सोनपुर, राज्य खाद्य निगम, सारण

(i). अभ्यर्थियों की तत्काल औपबंधिक रूप से इस शर्त के साथ नियोजित की जाती है कि उनके द्वारा समर्पित प्रमाण पत्रों की सम्पुष्टि के क्रम में अथवा सेवा निवृत कार्यालय से कोई प्रतिकुल प्रतिवेदन प्राप्त होता है एवं कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित अभ्यर्थी का नियोजन तत्काल प्रभाव से रद्ध की जा सकेगी एवं उनके विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई भी की जा सकेगी।

(ii). सभी अभ्यर्थियों को यह निदेश दिया जाता है कि अविलम्ब नवपदस्थापित स्थान पर अपना योगदान समर्पित करेंगे। इसके लिए किसी प्रकार का भत्ता आदि देय नहीं होगा।

(iii). नियोक्ता एवं अनुबंध के आधार पर नियोजित किये जाने वाले व्यक्ति के बीच विहित प्रपत्र में ननजुडिसिएल स्टाम्प पेपर पर एकरारनामा किया जाना आवश्यक होगा।

(iv). सामान्य प्रशासन विभाग,बिहार,पटना के संकल्प ज्ञापांक 10000 दिनांक 10.7.15 के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

(v). उल्लिखित पद पर संविदा/अनुबंध के आधार पर नियोजन प्रथम चरण में पत्र निर्गत की तिथि से एक वर्ष के लिए होगी. तथा आवश्यकतानुसार अवधि विस्तार किया जायेगा। कार्यकलाप संतोषप्रद नहीं रहने अथवा क्षति/गबन पाये जाने पर इन्हें बगैर कोई सूचना के कार्य मुक्त कर दिया जायेगा।

(vi). अनुबंध के आधार पर नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न सरकारी सेवकों को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार माने जायेगें। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति द्वारा नियोजन के पश्चात सरकारी सेवा में नियमितीकरण का दावा मान्य नहीं होगा।

(vii). संविदा आधारित यह नियोजन बिल्कुल अस्थायी एवं औपबंधिक होगा। जैसे ही रिक्ति के विरूद्ध नियमित नियुक्ति(यथा सीधी नियुक्ति/प्रोन्नति के उपरान्त नियुक्ति)के उपरान्त पदस्थापन होते ही संविदा पर नियोजित कर्मी की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

(viii). इनके द्वारा भविष्य में की गयी क्षति/गबन की राशि की वसूली उनके मानदेय से की जायेगी एवं मानदेय से वसूली संभव नहीं होने की स्थिति में बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अधीन या निगम के प्रावधानों के तहत क्षति/गबन की वसूली उनके चल-अचल संपत्ति से की जायेगी।

(ix). अनुबंध की समाप्ति के पूर्व यदि नियोजित व्यक्ति पुनर्नियोजित नहीं होता है तो वैसी स्थिति में निर्धारित तिथि को उसका अनुबंध स्वतः समाप्त माना जायेगा और इसके लिए किसी आदेश का निर्गत किया जाना अपेक्षित नहीं होगा।

(x). इनके द्वारा संविदा पर निगम की सेवा छोड़ने के पूर्व निगम को एक माह का अग्रिम सूचना दिया जाना अनिवार्य होगा। नोटिस नहीं दिये जाने की स्थिति में उन्हें एक माह का मानदेय एक मुश्त

22.7.15

(x). भुगतान करना होगा। भुगतान नहीं करने की स्थिति में वह राशि बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अधीन या निगम के प्रावधानों के तहत वसूलनीय होगी।

आदेश में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/-

उप महाप्रबंधक,प्रशासन

ज्ञापांक–3:02:75:01:2021 5250 दिनांक – 22.7.21.

प्रतिलिपिः–सभी संबंधित अभ्यर्थी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सभी जिला प्रबंधक,राज्य खाद्य निगम,बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सभी उप महाप्रबंधक/महाप्रबंधक/मुख्य महाप्रबंधक/सतर्कता पदाधिकारी/विपत्र लिपिक/प्रबंध निदेशक कोषांग,निगम मुख्यालय,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अपर सचिव,खाद्य एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग,बिहार,पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– आई0टी0मैनेजर/कट्रॉल रूम प्रभारी को निगम के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22.7.21

उप महाप्रबंधक प्रशासन।